परीक्षा सुधार के क्षेत्र में कार्यरत विशेषज्ञों का ध्यान इस विचार की ओर शीघ्रता से आकर्षित हुआ एवं उन्होने माना कि अंकन वर्गों की संख्या को कम करके अंकन त्रुटियों को काफी सीमा तक समाप्त किया जा सकता है, इसलिए उन्होने ग्रेड प्रणाली को अपनाए जाने का सुझाव दिया। भारत में कुछ प्रगतिशील शिक्षा संस्थाओं, माध्यमिक शिक्षा परिषदों, विश्वविद्यालयों तथा तकनीकी व व्यावसायिक शिक्षा संस्थाओं ने ग्रेड प्रणाली का प्रयोग प्रारम्भ कर दिया है। परंतु ग्रेड प्रणाली को अपनाए जाने के प्रस्ताव को सिद्धांतत: स्वीकार करने के बावजूद भी ग्रेड की संख्या पर कोई सर्वसम्मत निर्णय नहीं हो पाया हैं। कुछ 5 बिन्दु ग्रेड प्रणाली को उपयुक्त बताते है, कुछ विद्वान 7 बिन्दु ग्रेड प्रणाली को, तथा कुछ विद्वान 9 बिन्दु ग्रेड प्रणाली को उचित ठहराते है। सैद्धांतिक दृष्टि से ग्रेड प्रणाली में कितने बिन्दु हो सकते है। पाँच बिन्दु एवं सात बिन्दु ग्रेड प्रणाली के विभिन्न ग्रेडों तथा उनका शाब्दिक वर्णन एस प्रकार है –

विभिन्न ग्रेडों का शाब्दिक वर्णन

पाँच बिन्दु ग्रेड प्रणाली (five point grading system)

ग्रेड (Grade)	ए. A	बी. B	सी. C	डी. D	एफ. F
ग्रेड बिन्दु (grade Point)	4	3	2	1	0
शाब्दिक अर्थ (Verbal Meaning)	विशिष्ट Out standing	उत्तम Above average	औसत Average	निम्न Below average	अनुत्तीर्ण Fail

सात बिन्दु ग्रेड प्रणाली (seven point grading system)

ग्रेड (Grade)	ओ. O	ए. A	बी. B	सी॰ C	डी. D	ई. E	एफ. F
ग्रेड बिन्दु (grade Point)	6	5	4	3	2	1	0
शाब्दिक अर्थ (Verbal Meaning)	विशिष्ट Out standing	अति उत्तम Very good	उत्तम Good	औसत Averag e	संतोषप्रद Satisfac tory	निकृष्ट Poor	निकृष्टतम Very poor

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू॰ जी॰ सी॰) के द्वारा 1975-1976 में ग्रेड प्रणाली पर आयोजित की गयी क्षेत्रीय कार्यशालाओं में 7 बिन्दु ग्राद प्रणाली को अपनाये जाने पर आम सहमति थी क्योंकि इससे मूल्यांकन में आवश्यक परिमार्जन रहेगा तथा किसी भी ग्रेड के अंदर बहुत अधिक विभिन्नताएँ नहीं होगी। इसके अलावा 7 बिन्दु ग्रेड प्रणाली इसलिए भी उपर्युक्त है क्योंकि छात्रों को उनकी योग्यता के आधार पर बाँटते समय अध्यापकों के द्वारा भी साधारणत: सात श्रेणियों का

प्रयोग किया जाता है। ये सात श्रेणी हैं-विशिष्ट, अति उत्तम, उत्तम, औसत, संतोषप्रद, निकृष्ट तथा निकृष्टतम। इनको क्रमशः O. A. B. C. D. E. व F.अक्षर ग्रेड से व्यक्त किया जा सकता है। कार्यशालाओं में यह भी कहा गया कि कुछ कृषि विश्वविद्यालय तथा तकनीकी संस्थाओं ने 5 बिन्दु ग्रेड प्रणाली प्रारम्भ कर दी है, यह उनकी परिस्थितियों में उपयुक्त हो सकती हैं क्योंकि इन संस्थाओं में छात्र अधिक सजातीय होते हैं। चिकित्सा तथा इंजीनियरिंग संकायों में आवश्यकतानुसार 7 बिन्दु ग्रेड के अतिरिक्त अन्य प्रणाली भी प्रयोग में लाई जा सकती है।

वैसे तो परीक्षकों के द्वारा सीधे-सीधे ग्रेड प्रदान किया जाना अधिक वांछनीय है, परंतु आवश्यकता होने पर प्राप्तांकों को भी ग्रेड में बदला जा सकता है। प्राप्तांकों को ग्रेड में बदलने के लिए प्राप्तांकों के विवरण को सामान्य प्रायिकता वक्र (NPC) के आधार पर 7 भागों में विभाजित करके उन्हें ग्रेड प्रदान किया जा सकता है। विभिन्न विषयों या पाठ्यक्रम में न्यूनतम ग्रेड औसत विश्वविद्यालय या अन्य परीक्षा परिषद के द्वारा निर्धारित किया जा सकता है। यह निर्धारण उस क्षेत्र कि आवश्यकता के ऊपर निर्भर करेगा फिर भी सामान्यत: सम्पूर्ण पाठ्यक्रम के लिए न्यूनतम औसत ग्रेड डी॰ या D होनी चाहिए तथा यदि किसी छात्र का औसत ग्रेड डी. या इससे श्रेष्ठ हो परंतु उसने यदि किसी एक प्रश्नपत्र में डी. से कम ग्रेड प्राप्त किए हो तो उसे इस शर्त पर अगली कक्षा में भेजा जा सकता हैं कि वह उस प्रश्नपत्र को अगले वर्ष उत्तीर्ण कर लेगा। छात्रों के उत्तर को सीधे- सीधे ग्रेड देकर मूल्यांकित करने की स्थिति में प्रत्येक प्रश्न के उत्तर को परीक्षक अलग- अलग ग्रेड प्रदान करेगा तथा फिर सम्पूर्ण उत्तरपुस्तिका के लिए ग्रेड औसत ज्ञात कर लिया जाएगा। ग्रेड औसत ज्ञात करने के लिए पहले सभी ग्रेडों को ग्रेड बिन्दुओं में बदला जाएगा, तब इसका औसत ज्ञात कर लिया जाएगा जिसे ग्रेड बिन्दु औसत कहा जाएगा।

ग्रेड प्रणाली के लाभ (Merits of Grading System)-ग्रेड प्रणाली के मुख्य लाभ निम्नवत हैं:

1. प्रणाली अत्यधिक उपयोगी है। विभिन्न संस्थाओं या विश्वविद्यालयों का अंकन स्तर भिन्न-भिन्न होने पर प्राप्तांकों के द्वारा परीक्षार्थियों की तुलना तर्कसंगत प्रतीत नहीं होती हैं। ग्रेड प्रणाली ऐसी स्थिति में एक उपयोगी साधन का कार्य कर सकेगी।
2. ग्रेड की सहायता से छात्रों का मूल्यांकन अधिक विश्वसनीय ढंग से हो सकता है। अत: ग्रेड प्रणाली का प्रयोग परीक्षा परिणामों की विश्वसनीयता को बढ़ाता हैं।
3. ग्रेड प्रणाली विभिन्न विषयों तथा संकायों में छात्रों की शैक्षिक उपलब्धि की तुलना करने के लिए एक उभयनिष्ठ पैमाने (common scale) का कार्य सफलता पूर्वक कर सकती है।
4. छात्रों की अभिरुचि तथा योग्यता के आधार पर भावी पाठ्यक्रम के चयन करने की दृष्टि से ग्रेड प्रणाली अधिक उपयुक्त तथा वैज्ञानिक है।
5. ग्रेड प्रणाली को अपनाए जाने पर एक स्थान से दूसरे स्थान को प्रव्रजन (migration) करते समय होने वाली कठिनाइयाँ काफी कम हो सकेंगी जिससे अंतर्क्षेत्रीय स्थानांतरण में सुविधा हो सकेगी।

वस्तुनिष्ठता बनाम व्यक्तिनिष्ठता (Objectivity vs Subjectivity)-वस्तुनिष्ठ परीक्षा से तात्पर्य ऐसे परीक्षणों से है जिसकी रचना अध्यापक अपने अनुभवों के आधार पर शिक्षण उद्देश्यों, अपेक्षित व्यावहारिक परिवर्तनों एवं आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु करता है। इस प्रणाली के अनुसार प्रश्न-पत्र में प्रश्न तो पर्याप्त संख्या में होते है लेकिन उनका उत्तर एक या दो शब्दों में ही देना होता है या मात्र निशान लगाना होता हैं।

व्यक्तिनिष्ठ (निबंधात्मक) परीक्षा में परीक्षार्थी किसी भी प्रश्न का उत्तर विस्तार से देता है,उत्तर की कोई सीमा निर्धारित नहीं की जाती है तथा परीक्षार्थी अपने मौलिक विचारों को अभिव्यक्त करने में पूर्ण स्वतंत्र होता है। यद्यपि इन

परीक्षाओं के माध्यम से परीक्षार्थी की विभिन्न मानसिक योग्यताओं, जैसे- रुचियों, क्षमताओं, अभिवृत्तियों कौशलों आदि का सही मूल्यांकन संभव है।

विशेष बिन्दु	निबंधात्मक परीक्षा	वस्तुनिष्ठ परीक्षा
I.प्रश्न रचना (Construction of Items)	प्रश्नों की रचना करना सरल कार्य है । इसमें प्रश्नों की संख्या कम होती है । वे सामान्य प्रकार के होते हैं । इनके उत्तर लंबे होते हैं ।	प्रश्नों की रचना करना अपेक्षाकृत कठिन कार्य हैं यह अधिक तथा विशिष्ट होते है । उत्तर छोटे होते हैं ।
II.विषयवस्तु (Content Coverage)	सीमित पाठ्यवस्तु का मूल्यांकन होता है ।	पाठ्यवस्तु के व्यापक रूप का मूल्यांकन संभव होता है ।
III.उद्देश्य प्राप्ति (Achievement of Objectives)	अवबोध उद्देश्य की प्राप्ति सफलतापूर्वक हो जाती हैं । ज्ञान की परीक्षा समान्यत: हो सकती है ।	ज्ञान उद्देश्य की प्राप्ति सफलतापूर्वक हो जाती है । अवबोध की परीक्षा भी सामान्यत: हो सकती है ।
IV.सार्थकता (Significance)	ये परीक्षाएँ उपलब्धि परीक्षा, चयन वर्गीकरण के लिए अधिक उपयुक्त है ।	ये परीक्षाएँ निष्पत्ति परीक्षा, निदान, बुद्धि एवं प्रवणता परीक्षाओं आदि के लिए उपयुक्त हैं ।
V.अभिव्यक्ति तथा चयन (Expression & Selection)	परीक्षार्थी प्रश्न का उत्तर अपने शब्दों में देने पूर्ण स्वतंत्र है ।	परीक्षार्थी को दिये गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन करना होता है ।
VI.प्रतिदर्श (Sample)	ये परीक्षाएँ प्रश्नों के एक छोटे न्यादर्श पर आधारित होती है ।	ये परीक्षाएँ प्रश्नों के एक बड़े न्यादर्श पर आधारित होती है ।
VII.लेखन कला (Writing Skill)	परीक्षार्थी के सुंदर लेख एवं अभिव्यक्ति कौशल का प्रभाव उसके अंकों पर पड़ता है । इसमें परीक्षार्थी सोचता है और लिखता है ।	लेखन कला का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है । इसमे परीक्षार्थी पढ़ता है तथा सोचता हैं ।
VIII.परीक्षक मन: स्थिति (Examiner's mood)	इन परीक्षाओं का निर्माण जितना आसान है मूल्यांकन उतना ही कठिन । परीक्षक की मनोवृत्ति छायी रहती है ।	परीक्षा निर्माण जितना कठिन है मूल्यांकन उतना ही सरल । परीक्षक की मनोवृत्ति प्रश्नपत्र निर्माण में बाधक हो सकती है मूल्यांकन प्रक्रिया में नहीं ।
IX.परीक्षार्थी एवं परीक्षक की स्वतन्त्रता (Freedom to both)	दोनों स्वतंत्र हैं । परीक्षार्थी प्रश्नोंत्तर देने में और परीक्षक अंक प्रदान करने में ।	दोनों की स्वतन्त्रता पर अंकुश रखा जाता है । परीक्षार्थी मात्र विकल्प चुनने में स्वतंत्र है ।

X.विश्वसनीयता एवं वैधता (Reliability and Validity)	इन परीक्षाओं की विश्वसनीयता और वैधता दोनों निम्न स्तर की होती हैं।	इन परीक्षाओं की विश्वसनीयता वैधता दोनों उच्च स्तर की होती हैं।
XI.मानक (norms)	परीक्षा के मानक स्थापित नहीं किए जा सकते हैं।	इन परीक्षाओं के प्रामाणिक मानक स्थापित किए जा सकते है।
XII.अंकन (Scoring)	परीक्षक का विषय पर पूर्ण अधिकार होने पर ही अंकन ठीक प्रकार से संभव है।	अंकन प्रक्रिया सरल है। अंकन कुंजी बन जाने से कोई भी अंकन कर सकता है।
XIII.प्रशासन (Administration)	प्रशासन सरल होता है। कोई विशिष्ट निर्देश देने की आवश्यकता नहीं पड़ती।	प्रशासन अपेक्षाकृत अधिक कठिन है। विशिष्ट निर्देशों को देने में प्रशिक्षण एवं सावधानी दोनों आवश्यक है।
XIV.अंक वितरण (Distribution of marks)	परीक्षण स्व अंक सीमा निर्धारित करता है। अच्छे स्तर के लिए वह 60-80% तथा असंतोषजनक उत्तर के लिए 10- 25% अंक निर्धारित कर लेता है।	परीक्षण स्व अंक सीमा निर्धारित करता है। परीक्षक को कोई छुट नहीं दी जाती है।

शिक्षण और अधिगम पर प्रवेश परीक्षा एवं सार्वजनिक परीक्षाओं का प्रभाव
(Impact of Entrance test and Public Examination on Teaching and learning)

प्रवेश परीक्षा (entrance test)-प्रवेश परीक्षा का आयोजन छात्रों के अधिगम की जाँच के लिए ही जाता है। वर्तमान समय में सामान्य परीक्षाओं में बढ़ती नकल की प्रवृत्ति के कारण योग्य व्यक्तियों का चयन विभिन्न परीक्षाओं में करने के लिए ही परीक्षा ली जाती हैं।

पहले प्रवेश परीक्षाएँ केवल व्यावसायिक कोर्सों जैसे मेडिकल एवं इंजीनियरिंग के लिए तथा नौकरियों में चयन के लिए ही ली जाती थी किन्तु, वर्तमान समय में सभी महत्वपूर्ण परीक्षाओं में चाहे वो चतुर्थ श्रेणी की ही क्यों न हों चयन प्रवेश परीक्षा के आधार पर ही किया जाता है। प्रवेश परीक्षाओं के माध्यम से छात्र के ज्ञान तथा योग्यता के आधार पर उनका वर्गीकरण तथा चयन बहुत सरलता से किया जा सकता है।

प्रवेश परीक्षाओं का मूल्यांकन, कम्प्युटर से होने के कारण परीक्षा कार्य अधिक व्यवस्थित तथा शीघ्रता से सम्पन्न होने लगा हैं। इन परीक्षाओं का प्रशासन सामूहिक रूप से किया जाता है। प्रश्न- पत्रों के कई सेट एक साथ रखे जाते हैं जिनसे नकल की संभावना कम से कम हो सके। कम्प्युटर में प्रश्नों को सही उत्तर के साथ फीड किया जाता है। परीक्षा अधिकतर वस्तुनिष्ठ प्रकार की होती है, क्योंकि परीक्षणों का अंकन कार्य कम्प्युटर त्रुटिरहित ढंग से अत्यधिक शीघ्रता से करता है। कुछ महत्वपूर्ण एवं उच्च स्तरों की परीक्षाओं में दीर्घ उत्तरीय प्रश्न भी होते है जिसमें छात्रों का प्रस्तुतीकरण, लेखन शैली आदि देखी जाती है। इन परीक्षाओं के माध्यम से ज्ञान एवं बोध युक्त प्रश्न रखें जाते हैं।

सार्वजनिक परीक्षाएँ (Public Examination)- शिक्षा प्रक्रिया के तीन आधार शिक्षण, अधिगम एवं परीक्षा हैं। अगर इनमें से कोई भी एक आधार कमजोर होता है तो उसका दुष्परिणाम शिक्षा प्रक्रिया के विभिन्न पक्षों पर पड़ना स्वाभाविक है और परिणामत: सम्पूर्ण शिक्षा व्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित हो जाती है।

वर्तमान समय में परीक्षा परिणामों का एकमात्र शैक्षिक उपयोग आगामी कक्षा में प्रोन्नति के लिए छात्रों को उम्मीदवार घोषित करना मात्र रह गया है। शिक्षण- अधिगम प्रक्रिया में सुधार लाने, शिक्षण विधियों में उन्नयन करने,

पाठ्यक्रम संशोधित करने अथवा शैक्षिक क्रियाकलापों में परिवर्तन लाने जैसे कार्यों में परीक्षा परिणाम कोई भी भूमिका निभाने में असमर्थ रहे हैं और तो और विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित करने एवं विभिन्न रोजगारों के लिए चयन परीक्षा की व्यवस्था करने की प्रवृत्ति ने परीक्षा परिणामों के महत्व को नकार सा दिया है। ऐसी स्थिति में वर्तमान परीक्षा प्रणाली में सुधार लाकर ही शिक्षण अधिगम की गुणवत्ता को सुधारा जा सकता है। वास्तव में परीक्षा प्रणाली में सुधार करने का प्रश्न अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है और इसके लिए उसमें सुधार लाकर उसे समसामयिक और व्यावहारिक दृष्टि उपयोगी बनाना अत्यंत आवश्यक है। परीक्षा सुधार में प्रमुख उद्देश्यों पर बल देना होगा जैसे-रटने तथा स्मरण पर ज़ोर देना समाप्त करना होगा तथा बोध को बढ़ाना होगा। चयनित अंतर्वस्तु के अध्ययन अध्यापन की प्रवृत्ति को हतोत्साहित करना होगा। परीक्षा में आत्मनिष्ठता की प्रवृत्ति पर रोक लगाना छात्रों की शैक्षिक उपलब्धि का मापन करने के लिए ऐसे वस्तुनिष्ठ प्रश्न तैयार करना होगआ जो वैध तथा विश्वसनीय हों तथा जिससे प्राप्त परिणामों का उपयोग शिक्षण – अधिगम प्रक्रिया को अधिक-से – अधिक प्रभावी बनाने के लिए सार्थक ढंग से किया जा सके। परीक्षा संचालन में गत्यात्मकता लानी होगी तथा परीक्षा परिणामों की तर्कसंगत व्याख्या करनी होगी।

आंकलन और मूल्यांकन में प्रवृत्तियाँ (Trends in Assessment and Evaluation)

ऑनलाइन परीक्षा(Online Examination)-शिक्षा में बढ़ते हुए कम्प्युटर और इंटरनेट के चरणों के कारण ऑनलाइन परीक्षाएँ होने लगी हैं। विभिन्न प्रकार के रोजगारों के लिए ली जाने वाली परीक्षाएँ, धीरे-धीरे सभी ऑनलाइन होती जा रही हैं। रोजगारों के लिए फॉर्म भरने की प्रवृत्ति तो पहले ही ऑनलाइन हो चुकी है, अब परीक्षाएँ भी ऑनलाइन होने लगी हैं। इन परीक्षाओं में परीक्षार्थी को एक केंद्र आवंटित कर दिया जाता है जहां पर कम्प्युटर इंटरनेट की व्यवस्था होती है। वहाँ पर प्रश्नपत्र तत्काल ही खुलता है और प्रश्नपत्र के कई वर्ग जैसे, A, B, C, D होने है जिससे छात्र के नकल करने की संभावना बहुत कम रहती है। इस प्रकार की परीक्षाओं में प्रश्न-पत्र कम्प्युटर में ही फीड होता है तथा छात्र को दिया भी नहीं जाता है जिससे प्रश्न पत्र कक्षा के बाहर न जा सके।

परीक्षा में कम्प्युटर का उपयोग (Use of Computer in Examination)-आज के दौर में परीक्षा संबंधी कार्य में कम्प्युटर के प्रयोग की संभावनाएँ बहुत अधिक है। अनेक शिक्षा संस्थाओं तथा परीक्षा निकायों ने परीक्षा कार्य को अधिक गति से करने तथा मानवीय त्रुटियों की संभावना को कम करने करने हेतु कम्प्युटर का प्रयोग प्रारम्भ कर दिया है। परीक्षा परिणामों के अंकपत्र तथा प्रमाणपत्र कम्प्युटर पर तैयार कराना एक सामान्य सी बात हो गयी है। वस्तुत: कम्प्युटर परीक्षा के कार्य को अधिक नियोजित, सहज, व्यवस्थित,तथा त्रुटि रहित ढंग से तीव्र गति के साथ सम्पन्न कर सकते हैं। परीक्षा संबंधी कार्य में कम्प्युटर के निम्न उपयोग हो सकते हैं-

I. प्रश्नपत्रों के निर्माण में
II. प्रश्नों के संग्रहण में
III. परीक्षा संबंधी सूचनाओं के संग्रह व समूहन में
IV. परीक्षा परिणामों के संग्रह तथा सारणीयन में
V. अंकपत्र व प्रमाणपत्र तैयार करने में
VI. परीक्षा सुधार के क्षेत्र में शोध कार्य करने में

प्रश्नों को तैयार करने के कार्य में कम्प्युटर महत्वपूर्ण सहायता कर सकता है। कम्प्युटर की सहायता से प्रश्नों का पद विश्लेषण (Item Analysis)करना बहुत ही आसान है। कम्प्युटर में प्रश्नों को संग्रहीत करना अधिक सुविधाजनक होता है। इसके अतिरिक्त प्रश्नों में आवश्यकतानुसार संशोधन करना तथा नवीन प्रश्नों को समाहित करना संभव होता है। कम्प्युटर में संग्रहीत प्रश्नों का समूह एक उपयोगी प्रश्न बैंक का कार्य कर सकता है। कम्प्युटर पर प्रश्नों का वर्गीकरण उनकी विषयवस्तु

EPIP Campus, Hajipur Industrial Area,
Hajipur, Vaishali - 844 102 (Bihar), Ph. : 06224-271834
e-mail : admin @maitreyaedu.co.in, Web : www.maitreyaedu.co.in

तथा कठिनाइयों की सहायता से अधिक तार्किक ढंग से किया जा सकता है। कम्प्युटर की सहायता से परीक्षा कार्य का संचालन अधिक व्यवस्थित ढंग से तथा अधिक शीघ्रता से और गति से संपादित किया जा सकता है। विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर बैठने वाले परीक्षार्थियों से संबन्धित सूचनाएँ कम्प्युटर में संग्रहित करके उनका आवश्यकतानुसार समूहन व वर्गीकरण किया जा सकता है। वस्तुनिष्ठ परीक्षणों का अंकन कार्य कम्प्युटर त्रुटि रहित ढंग से अधिक शीघ्रता से कर सकता है। परीक्षा परिणामों को तैयार करने में भी कम्प्युटर एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है। छात्रों के द्वारा विभिन्न विषयों/प्रश्नपत्रों में प्राप्त अंकों को कम्प्युटर में प्रविष्ट करा देने के उपरांत कम्प्युटर अत्यंत शीघ्रता से परीक्षा परिणाम तैयार करके छात्रों के अंकपत्र व प्रमाणपत्र उपलब्ध करा सकता है। कम्प्युटर में सूचनाओं/परीक्षा परिणामों को खोजना बहुत ही सरल होता है। कम्प्युटर में किए गए कार्यों में त्रुटि न होने का विश्वास रहने के कारण एक ओर जहां कम्प्युटर परीक्षा कार्य को सुगम बनाता है तथा उसे गति प्रदान करता है वहीं दूसरी ओर वह परीक्षाओं की साख को भी बढ़ाता है।

सपुस्तकीय परीक्षा प्रणाली (Open Book Examination)-शिक्षा के परीक्षा केन्द्रित होने के कारण प्रमाण पत्रों तथा अंकों पत्रों को प्राप्त करना शिक्षा का पर्याय मान लिया गया। परिणामस्वरूप परीक्षा में अनैतिक तथा अविधिक आचरण को बढ़ावा मिला। नकल की प्रवृत्ति दिनोंदिन बढ़ती गयी जिससे परीक्षा अपनी मूल उद्देश्य – छात्रों द्वारा अर्जित ज्ञान, बोध व कौशल के मापन से दूर होती चली गयी। सामूहिक नकल पर अंकुश लगाने केआर विकल्प के रूप में सपुस्तकीय परीक्षा प्रणाली का प्रादुर्भाव हुआ जो अनेक बाधाओं तथा कठिनाइयों के बावजूद नकल की समस्या पर अंकुश लगाने में उपयोगी सिद्ध हो सकती है।

खुली पुस्तक परीक्षा से तात्पर्य ऐसी परीक्षा से है जिसमें छात्रों के परीक्षा अवधि में पुस्तक साथ रखने तथा उसके उपयोग की पूरी स्वतन्त्रता हो। पुस्तक से तात्पर्य पाठ्यपुस्तक अथवा संदर्भ पुस्तक है न की गाइड बुक। खुली पुस्तक परीक्षा की मान्यता है कि छात्रों में ज्ञान संचय के परंपरागत संकुचित दृष्टिकोण को समाप्त कर बोध, चिंतन, मनन, विश्लेषण, तर्कतथा उच्चस्तरीय मानसिक योग्यता का विकास शिक्षा का लक्ष्य हो। इससे छात्रों में रटने की प्रवृत्ति को हतोत्साहित किया जा सकता है और उच्चस्तरीय मौलिक चिंतन की योग्यता को बढ़ावा मिल सकेगा। इस प्रयास से छात्र किताबी ज्ञान से आगे बढ़कर सृजनात्मक चिंतन कर सकेंगे। चूंकि खुली परीक्षा प्रणाली की शिक्षा के उद्देश्यों के संबंध में अलग दृष्टिकोण है अत: इसमें पूछे जाने वाले प्रश्नों की प्रकृति भी परंपरागत परीक्षा से भिन्न निर्धारित की गयी है। परंपरागत परीक्षा के वर्णनात्मक तथा व्याख्यात्मक प्रश्नों के स्थान पर खुली परीक्षा प्रणाली में – बोध, कौशल, विश्लेषण, संश्लेषल, अनुप्रयोग तथा मौलिक चिंतन की क्षमता को मापने का प्रयास किया जा सकता है। ऐसे प्रश्नों का सीधा उत्तर पुस्तकों में उपलब्ध न होगा बल्कि पुस्तकों में उपलब्ध तथ्यों के आधार पर नवीन सन्दर्भ में, नवीन संभावनाओं की खोज तथा सृजन की क्षमता का प्रदर्शन करना होगा। परीक्षा में रटंत स्मरण का महत्व समाप्त हो जाएगा और उच्च स्तरीय बौद्धिक क्षमता के विकास को बल मिलेगा। उच्च कक्षाओं में खुली परीक्षा प्रणाली को सार्थकता से प्रयुक्त किया जा सकता है जबकि छोटी कक्षाओं में इसके प्रयोग में व्यावहारिक कठिनाई आ सकती है।

महत्वपूर्ण संबंधित प्रश्न-

I. निबंधनिष्ठ परीक्षण को परिभाषित कीजिए। निबंधनिष्ठ तथा वस्तुनिष्ठ परीक्षण की तुलना कीजिए।
   Define essay type test. Comparison with essay type test and objective type test.16
II. 'मूल्यांकन में कम्प्युटर का योगदान' विषय पर एक संक्षिप्त निबंध लिखिए।
   Write a short essay on 'Contribution of Computer in Evaluation'.
III. "ऑनलाइन और कम्प्युटर पर आधारित परीक्षा सभी प्रकार के शिक्षार्थियों के लिए फायदेमंद है।"परीक्षा के गुण के संबंध में वर्णन करें।

EPIP Campus, Hajipur Industrial Area,
Hajipur, Vaishali - 844 102 (Bihar), Ph. : 06224-271834
e-mail : admin @maitreyaedu.co.in, Web : www.maitreyaedu.co.in

"Online and computer based examination is beneficial for all types of learners." Explain in the context of merits of the test. 2017

IV. निम्नलिखित में से किन्ही दो पर टिप्पणियाँ लिखे :

a) इकाई परीक्षण, अर्धवार्षिक और वार्षिक परीक्षा में अन्तर
Difference among unit test, half-yearly and annual examinations

b) अंकन और ग्रेडिंग में अन्तर
Difference between marking and grading

c) वस्तुनिष्ठता और व्यक्तिनिष्ठता/विषयगम्यता के बीच अन्तर
Difference between objectivity and subjectivity

d) खुली और बंद किताब परीक्षाओं में अन्तर
Difference between open and closed examination 2017

V. निम्नलिखित में अन्तर बताइये :

a) मार्किंग और ग्रेडिंग
Marking and Grading

b) वस्तुनिष्ठता एवं व्यक्तिनिष्ठता
Objectivity and subjectivity 2018

VI. कोचिंग संस्थाओं के परिप्रेक्ष्य मे, प्रवेश परीक्षा एवं सार्वजनिक परीक्षा के शिक्षण एवं अधिगम पर पड़ने वाले प्रभावों की व्याख्या कीजिए।
Explain the impact of entrance test and public examination on teaching and learning in the light of coaching institutes. 2018

संदर्भ (References)-

- गुप्ता,प्रो॰एस॰पी॰ एवं गुप्ता,डॉ अलका (2011).आधुनिक मापन एवं मूल्यांकन.शारदा पुस्तक भवन ,इलाहाबाद-2.
- श्रीवास्तव, डॉ डी. एन.(2017).अधिगम का आंकलन (1st Ed.). श्री विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा-2.
- पाण्डेय, डॉ के॰ पी॰(2007). शैक्षिक मापन एवं मूल्यांकन (प्रथम संस्करण).विश्वविद्यालय प्रकाशन ,वाराणसी .
- भटनागर, डॉ ए॰ बी॰ एवं भटनागर, डॉ मीनाक्षी (2010). मनोविज्ञान और शिक्षा में मापन और मूल्यांकन. आर॰ लाल॰ बुक डिपो, मेरठ.

EPIP Campus, Hajipur Industrial Area,
Hajipur, Vaishali - 844 102 (Bihar), Ph. : 06224-271834
e-mail : admin @maitreyaedu.co.in, Web : www.maitreyaedu.co.in

5. Evolving learning sequences (learning activities) for on line as well as face to face situations

MCEM
Maitreya College of Education & Management
Shaping Education
Affiliated to Aryabhatta Knowledge University, Patna

PPT ONLINE CLASS

EPIP Campus, Hajipur Industrial Area,
Hajipur, Vaishali - 844 102 (Bihar), Ph. : 06224-271834
e-mail : admin @maitreyaedu.co.in, Web : www.maitreyaedu.co.in

CONCEPT MAPPING GOOGLE MEET/ONLINE TEACHING





CONCEPT MAPPING

GOOGLE MEET/ONLINE TEACHING

MCEM
Maitreya College of Education & Management
Shaping Education
Affiliated to Aryabhatta Knowledge University, Patna

EPIP Campus, Hajipur Industrial Area,
Hajipur, Vaishali - 844 102 (Bihar), Ph. : 06224-271834
e-mail : admin@maitreyaedu.co.in, Web : www.maitreyaedu.co.in

EPIP Campus, Hajipur Industrial Area,
Hajipur, Vaishali - 844 102 (Bihar), Ph. : 06224-271834
e-mail : admin @maitreyaedu.co.in, Web : www.maitreyaedu.co.in

PPT TRHROUGH GOOGLE MEET
पाठ्यचर्या का शाब्दिक अर्थ
पाठ्यचर्या दो शब्दों से मिलकर बना है पाठ्य और चर्या। पाठ्य का अर्थ है "पढ़ने योग्य" अथवा "पढ़ाने योग्य" तथा चर्या का अर्थ है "नियम पूर्वक अनुसरण"
अंग्रेजी में पाठ्यचर्या को करिकुलम कहते हैं Curriculum शब्द की उत्पत्ति लैटिन भाषा के शब्द Currer(करेरे) से हुई है जिसका अर्थ है -Race course (दौड़ का मैदान)।
इस प्रकार पाठ्यचर्या वह दौड़ का मैदान है जिस पर बालक लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दौड़ता है।
Dolly kumari , 752
You
Neha
SUMAN DE...
16 others
4.मानदंड(Criteria):-
समाज का मानदंड -संवैधानिक मूल्य,समता, समानता, बंधुता,स्वतंत्रता, सामाजिक न्याय। सामाजिक मानदंड संस्कृति से संस्कृति और समाज से समाज में भिन्न होते हैं।
Monika kri 755
You
SUMAN DE...
34 others
Dolly kumari , 752
You
Neha
SUMAN DE...
18 others

:: प्रथम आंतरिक मूल्यांकन का मॉडल उत्तर ::

दीर्घ उत्तरीय उत्तर

Concept Mapping

(खण्ड - अ)

Teaching Method - Paper VI

(1) प्रश्न - शिक्षण प्रक्रिया में 'सुक्ष्म शिक्षण' की आवश्यकता क्यों है? सूक्ष्म शिक्षण चक्र के विभिन्न स्तरों की व्याख्या करें।

उत्तर - शिक्षण प्रशिक्षण संस्थाओं का प्रमुख कार्य प्रभावशाली शिक्षक तैयार करना है क्योंकि वर्तमान धारण, यह है कि शिक्षक केवल जन्मजात नहीहोते बल्कि बनाये जा सकते है। प्रशिक्षण संस्थाओं की दोष पूर्ण प्रक्रिया के कारण शिक्षण अभ्यास भी दोष पूर्ण हो जाती है। शिक्षण व्यवहार में सुधार के लिए एवं प्रभावशाली शिक्षक तैयार करने के लिए अनेक पृष्ठपोषण की प्रविधियाँ प्रयोग में लायी जाती है, जिसमें से एक सूक्ष्म शिक्षण हैं।

सूक्ष्म शिक्षण एक विश्लेषित शिक्षण है जिसमें शिक्षण की प्रक्रिया लघु रूप में कम विद्यार्थियों वाली कक्षा के सामने अल्प समय में सम्पन्न की जाती है। इसका प्रयोग सेवारत एवं सेवापूर्व शिक्षकों के व्यावसायिक विकास के लिए किया जाता हैं। सूक्ष्म शिक्षण अध्यापकों को शिक्षण के अभ्यास के लिए ऐसी स्थिति प्रदान करता है जिससे कक्षा- शिक्षण की सामान्य जटिलताएँ कम हो जाती हैं। इसनें अध्यापक बहुत अधिक मात्रा में अपने शिक्षण-व्यवहार के लिए प्रतिपुष्टि प्राप्त करता है।

सूक्ष्म शिक्षण - सूक्ष्म शिक्षण, प्रशिक्षण की प्रयोगशाला विधि है। इसके अन्तर्गत कक्षा का आकार छोटा तथा छात्रों की संख्या कम होती है छात्र अध्यापक छोटी विषय-वस्तु पर सूक्ष्म पाठ-योजना बनाकर 5 से 10 मिनट कक्षा में छात्रों या सहपाठियों को पढ़ाता है। पर्यवेक्षक द्वारा पढ़ाये गये पाठ का निरीक्षण अध्यापक दिये गये सुझावों के आधार पर पाठ-योजना में सुधार करके पुन: पाठ-नियोजन करता है। इसके पश्चात पुनर्योजिक पाठ को दूसरी कक्षा या समूह के छात्रों को पुनः पढाया (Riteach) है। पुनर्शिक्षण पाठ को पुनः पर्यवेक्षित किया जाता है और उसके आधार पर पृष्ठ पोषण प्रदान किया जाता है। इस पृष्ठपोषण के आधार पर छात्र अध्यापक पुन: पाठ को नियोजित करता है। इस प्रकार एक सूक्ष्म शिक्षण चक्र (Micro Teaching Cycle) पूर्ण हो जाता है।

सूक्ष्म शिक्षण चक्र (Micro Teaching Cycle)

(योजना) शिक्षण (Teach) ⇨ पृष्ठपोषण (Feedback) ⇨ पुनः योजना (Re-plan) ⇨ पुनः शिक्षण (Re-teach) ⇨ पुनः पृष्ठपोषण (Re-feedback)

हमारे देश में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (N.C.E.R.T), नई दिल्ली द्वारा सूक्ष्म शिक्षण की अवस्थाएँ विकसीत की गई है जो निम्न प्रकार है।

(i) शिक्षण 6 मिनट
(ii) पृष्ठपोषण 6 मिनट
(iii) पुनः योजना 12 मिनट
(iv) पुनः शिक्षण 6 मिनट
(v) पुनः पृष्ठपोषण 6 मिनट
कुल - 36 मिनट

इन सूक्ष्म शिक्षण पदों की विस्तार से व्याख्या किया जाए जिससे इनकी विशेषताएँ स्पष्ट हो सके।

(2) प्रश्न - पाठ्य योजना से आप क्या समझते है? किसी कक्षा विशेष की 35 मिनट की पाठ्य योजना तैयार करें।

उत्तर - पाठ्य योजना का अर्थ - साधारण शब्दों में पाठ-योजना का अर्थ उस योजना से है जो अध्यापक कक्षा में

शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया से पूर्व पाठ के विभिन्न पक्षों के बारे में सोचकर तैयार करता है जिसके परिणामस्व छात्र पाठ को भली प्रकार ग्रहण कर सकें।

'पाठ योजना' शिक्षण-कार्य आरम्भ करने से पहले शिक्षण-कार्यक्रम को व्यक्त करती है यह कार्यक्रम बनाते समय अध्यापक कोशिक्षा के व्यापक उद्देश्य, पाठ्य विषय के लक्ष्य, विद्यार्थियों की रूचियाँ एवं योग्यताओं को सम्मुख रखकर अनुकूल शिक्षण-साधनों तथा शिक्षण विधियों को निश्चित एवं व्यवस्थित करना होता है। डेविस के अनुसार पाठ नियोजन की परिभाषा, ''कक्षा में जाने से पूर्व शिक्षक को पूरी तैयारी कर लेनी चाहिए क्योंकि शिक्षक की प्रगति के लिए कोई बात इतनी घातक नहीं है जितनी की शिक्षा की अपूर्ण तैयारी।''

नोट - सभी छात्र अपने-अपने शिक्षण की पाठ योजना बनायें। जिसका प्रकरण आपके द्वारा चुने गये दोनों शिक्षण विषयों में से हो। जिस पर आधारित 35 मिनट की पाठ योजना तैयार करें जो आप ने शिक्षण अनुभव के दौरान तैयार कर अपने विद्यालय में पढ़ाया हो।

(3) प्रश्न - क्रियात्मक अनुसंधान से आप क्या समझते है? इनके शोध का क्रमबद्ध रिपोर्ट लिखें।

उत्तर - **क्रियात्मक अनुसंधान का अर्थ** - 'क्रियात्मक अनुसंधान' शिक्षा तकनीकी एवं अनुसंधान के क्षेत्र में एक नया दृष्टिकोण तथा व्यवस्था है। विद्यालय की कार्य-प्रणाली में सुधार एवं परिवर्तन लाने के लिए यह एक नवीन प्रभावशाली तथा महत्वपूर्ण साधन है। क्रियात्मक अनुसंधान में विद्यालय की तात्कालीक समस्याओं पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है। इसमें स्थानीय समस्याओं को हल करने के ध्येय से शोध कार्य सम्पादित किया जाता है। इसका उद्देश्य विद्यालय की कार्यशैली को सुधारना है इसमें वैज्ञानिक पद्धति से कार्य करने की क्षमता का विकास करता है।

क्रियात्मक अनुसंधान की परिभाषा - जॉन डब्लू वेस्ट के अनुसार, ''क्रियात्मक अनुसंधान किसी सिद्धान्त के विकास की अपेक्षा तात्कालिक उपयोग पर केन्द्रित रहता है। इसमें वर्तमान स्थानीय परिस्थितियों से संबंधित वास्तविक समस्याओं पर ही बल दिया जाता है।''

मील के अनुसार, ''क्रियात्मक अनुसंधान, अनुसंधान का वह रूप है जिसमें उन परिकल्पनाओं की जाँच करती है, का कथन सत्यात्मक परिस्थितियों के सुधार के रूप में किया जाता है।''

इस प्रकार क्रियात्मक अनुसंधान एक विधि है जिसके द्वारा कार्य-प्रणाली की समस्याओं का अध्ययन वस्तुनिष्ठ रूप में किया जाता है और उनमें सुधार किया जाता है।

क्रियात्मक अनुसंधान क्रमबद्धता - प्रशिक्षु किसी समस्या का चयन कर क्रियात्मक अनुसंधान के निम्नलिखित सोपान के आधार पर क्रमबद्ध ढंग से एक रिपोर्ट लिखें जो आपके विद्यालय अनुभव के समय आपके विद्यालय में आप ने समस्या के रूप में चयन किया जा देखा।

क्रियात्मक अनुसंधान के सोपान (Stepal Action Research)

(I) प्रस्तावना (Introduction)

(ii) समस्या कथन (Statement of Problem)

(iii) समस्या का व्याख्या (Interpretation of Problem)

(iv) परिकल्पना निर्माण (Hypothesis Formulation)

(v) सामग्री (Material)

(vi) विधि (Procedure)

(vii) वास्तविक प्रयोग (Actual Experiment)

(viii) क्रियात्मक शोध के परिणाम तथा मूल्यांकन (Result & Evaluation of results of Action Research)
(ix) प्राप्त परिणामें का उपयोग (Uses of Result)

(4) प्रश्न - शिक्षण अभ्यास के दौरान अपने विद्यालय में प्राप्त अनुभवों को लिखें।

उत्तर - नोट - अपने विद्यालय शिक्षण अनुभव के दौरान प्राप्त अनुभव को अपने शब्दों में प्रथम दिन से शिक्षण अनुभव कार्यक्रम के अन्तिम दिन तक प्राप्त विद्यालयी अनुभव को लिखें जिसमें निम्न बातों को ध्यान में रखकर अनुभव होना चाहिए। ऐसी अपेक्षा करते है।

(i) शिक्षण अनुभव के लिए आपको विद्यालय अनुभव के लिए चयनित किया गया तो आपका प्रथम अनुभव कैसा हुआ। जैसे - विद्यालय कैसा होगा, वहाँ का शैक्षिक माहौल कैसा होगा, छात्र कैसे होंगे आदि।
(ii) विद्यालय मे प्रथम दिन पहुँचने पर, आपको विद्यालय भवन, शिक्षक, छात्र इत्यादि कैसे लगें।
(iii) प्रथम कक्षा-कक्ष शिक्षण अनुभव कैसा था? इसी प्रकार पूरे शिक्षण अभ्यास के दौरान आपने कैसे कैसे अनुभव प्राप्त किये क्रम बद्ध ढंग से लिखे।
(iv) प्रथम दिन से प्रारम्भ आपका शिक्षण अनुभव तथा अन्तिम दिन के अनुभव के बाद आप कैसा महसूस करते है। शिक्षण अनुभव प्राप्त करने के बाद विद्यालय शिक्षण एवं छात्रों के प्रति आपके दृष्टिकोण में कैसे-कैसे परिवर्तन आये।
(v) विद्यालय अनुभव के समय किये गये सभी सत्रीय कार्यों को भी सविस्तार लिखे।

नोट - इन सभी बातों को अपने विद्यालय अनुभव में लिखें।

(खण्ड - ब)

लघुउत्तरीय उत्तर

5. (i)प्रश्न- सामान्य उद्देश्य एवं विशिष्ट उद्देश्य में अन्तर लिखिए।

उत्तर -

सामान्य उद्देश	विशिष्ट उद्देश
(i) सामान्य उद्देश्यों का निर्धारण दर्शन द्वारा होता है।	(i) विशिष्ट उद्देश्यों का निर्धारण का आधार मनोविज्ञान है।
(ii) इसका स्वरूप अधिक व्यापक है।	(ii) इसका स्वरूप संकुचित एवं विशिष्ट होता है।
(iii) विद्यालय के सभी विषयों के सामान्य उद्देश्य विषय पर आधारित होते हैं।	(iii) इसके विशिष्ट उद्देश्या कक्षा शिक्षक के प्रकरण पर आधारित होते है।
(iv) इसकी प्राप्ति के लिए सम्पूर्ण विद्यालय कार्यक्रम, समाज तथा राष्ट्र उत्तरदायी होता है।	(iv) इनकी प्राप्ति का उत्तरदायित्व शिक्षक तथा पाठ विशेष की विषय-वस्तु पर होता है।
(v) इसकी प्राप्ति लम्बी अवधि में की जाती है।	(v) इनकी प्राप्ति शिक्षण के एक कालांश में भी की जा सकती है।
(vi) सामान्य उद्देश्य में आदर्शवादिता होती है। अतः इसे पूर्ण रूप से प्राप्त करना सम्भव नहीं है।	(vi) विशिष्ट उद्देश्यों में व्यावहारिकता होती है। अतः इनकी प्राप्ति सम्भव है।
(vii) ये कक्षा की शिक्षण रणनीति को निर्धारित करने में सहायक नहीं है।	(vii) ये कक्षा की शिक्षण रणनीति को निर्धारित करने में सहायता प्रदान करते है।
(viii) इनके द्वारा शिक्षा की व्यवस्था की जाती है।	(viii) इनके द्वारा शिक्षण का नियोजन किया जाता है।

(ii)प्रश्न- पाठ्य सहगामी क्रियाएँ किसे कहते है?

उत्तर - 'शिक्षा का लक्ष्य' छात्र का सर्वांगीण विकास करना है। छात्रों के सर्वांगीण विकास में पाठ्यक्रम सहगामी क्रियाओं का उतना ही महत्त्व है जितना की अन्य विषयों का। 'जीवन की शिक्षा' देने के लिए यह पाठ्यान्तर क्रियाएँ आयोजित की जाती है। अब केवल पुस्तकीय ज्ञान देना उद्देश्य न रह गया वरन् बालक के व्यक्तित्व के प्रत्येक पहलुओं का जैसे शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, संवेगात्मक तथा नैतिक गुणों आदि का विकास करना उद्देश्य हो गया है। इसे पाठ्यक्रम का महत्वपूर्ण अंग माना जाने लगा है। जिसके अन्तर्गत विद्यालय में खेलकुद, वाद-विवाद, प्रतियोगिता, संगीत, नाटक आदि छात्र क्रियायें करायी जाती है।

इस प्रकार कह सकते है कि पाठ्यक्रम सहगामी क्रियाओं का तात्पर्य शिक्षक के निर्देशन एवं सहायता से छात्रों द्वारा विद्यालय या विद्यालय के बाहर सम्पादित की जाने वाली उन क्रियाओं या कार्यक्रम से है जिन्हें शिक्षा के प्रमुख उद्देश्य जैसे बालकों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास की पूर्ति करने के लिए पाठ्यक्रम का अभिन्न अंग माना जाता है।

(iii)प्रश्न- एक अच्छे शिक्षक के गुण लिखिए?

उत्तर - एक शिक्षक में यदि निम्न विशेषतायें पायी जाती है तो उसे हम अच्छा शिक्षक कह सकते है। जैसे -

(i) अच्छे शिक्षक का व्यवहार छात्रों के प्रति सदैव निष्पक्ष हो।
(ii) अच्छे शिक्षक का दृष्टिकोण प्रजातन्त्रवादी हो।
(iii) इसकी रूचि अध्ययन एवं अध्यापनमेंहो।
(iv) वह अपने व्यवसाय के प्रति प्रेम रखता हो।
(v) इसका व्यवहार छात्रों के प्रति प्रेम एवं सौहार्दपूर्ण व्यवहार रखता हो।
(vi) इसकी उच्चारण में शुद्धता एवं वाणी में मधुरता हो।
(vii) इसको बाल मनोविज्ञान एवं मनोविज्ञान का ज्ञान हो।
(viii) इसको शिक्षण पद्धति का ज्ञान हो तथा शिक्षण सहायक सामग्री का प्रयोग शिक्षण में करता हो।
(ix) इसे अपने विषयवस्तु पर पूर्ण अधिकार हो।
(x) इसका व्यवहार व दृष्टिकोण आशावादी हो।
(xi) एक अच्छा शिक्षक प्रत्येक कार्य को उचित समय पर करता है। जिसको देख कर छात्र भी उसका अनुसरण कर सकें।
(xii) वह सदैव न्यायप्रिय व्यवहार करें तथा उसमें धैर्य की प्रधानता हो।
(xiii) उसमें राष्ट्रीयता की भावना भरी हो तथा राजनैतिक पक्षपात से मुक्त हो।
(xiv) वह शिक्षा के उद्देश्यों के प्रति हमेशा जागरूक हो।
(xv) वह पाठ्यक्रम सहगामी क्रियाओं में रूचि रखता हो।
(xvi) वह छात्रों के लिए एक अच्छा मार्गदर्शक एवं पथ प्रदर्शक हो।

(iv)प्रश्न- शिक्षण में पुनर्बलन का क्या महत्त्व है?

उत्तर - पुनर्बलन से हमारा अभिप्राय है ऐसे उद्दीपनों का प्रयोग करना जिनके प्रस्तुतीकरण या जिन्हें हटाने से किसी अनुक्रिया के होने का आशा बढ़ जाती है। इन उद्दीपनों में पुरस्कार, शाबाशी देना, प्रशंसा करना, कमियाँ बताना आदि क्रियायें आती है।

पुनर्बलन दो प्रकार के होते है -

(i) धनात्मक पुनर्बलन

(ii) ऋणात्मक पुनर्वलन

धनात्मक पुनर्वलन द्वारा छात्रों के वांछित व्यवहारों को प्रबल बनाया जाता है।

ऋणात्मक पुनर्बलन द्वारा छात्रों के गलत या अवांछित व्यवहारो को दूर करने का प्रयास किया जाता है।

शोध हमे बताते है कि धनात्मक पुनर्वलन का प्रभाव, ऋणात्मक पुनर्बलन की तुलना में ज्यादा अच्छा होता है अत: शिक्षण में पुनर्वलन कौशल का अभ्यास इस प्रकार कराया जाता है कि शिक्षक धनात्मक पुर्नवलन का प्रयोग अधिक से अधिक तथा ऋणात्मक पुनर्वलन का प्रयोग कम से कम कक्षा शिक्षण के क्षेत्र में करें।

पुनर्वलन कौशल के घटक -

(i) प्रशंसात्मक कथनों का प्रयोग,

(ii) हावभाव तथा अन्य अशाब्दिक संकेतो का प्रयोग,

(iii) छात्रों के विचारों एवं भावों से अपनी सहमति प्रकट करना,

(iv) नकारात्मक शाब्दिक कथनों का प्रयोग,

(v) नकारात्मक अशाब्दिक कथनों का प्रयोग,

(vi) छात्रों के सही उत्तरों को श्यामपट्ट पर लिखना।

(v)प्रश्न- ब्लूम के अनुसार शैक्षिक उद्देश्यों को कितने भागों में बाँटा गया है?

उत्तर - ब्लूम के अनुसार शैक्षिक उद्देश्यों को तीन भागों में बाँटते है -

(i) ज्ञानात्मक उद्देश्य, (ii) भावात्मक उद्देश्य, (iii) क्रियात्मक उद्देश्य

(i) ज्ञानात्मक उद्देश्य को ब्लूम ने छ: भागों में बाँटा है -

(A) ज्ञान (Knowledge), (B) बोध (Comprehension), (C) अनुप्रयोग (Application), (D) विश्लेषण (Analysis) (E) संश्लेषण (Synthesis) एवं (F) मूल्यांकन (Evaluation).

(vi)प्रश्न- पुनर्वलन एवं पृष्ठपोषण में अन्तर लिखिए?

उत्तर - पुनर्वलन से तात्पर्य किसी अपेक्षित अनुक्रिया के प्रतिफल के रूप में किसी ऐसे सुखकारी उद्दीपक की प्रस्तुति है जो प्राणी को अपेक्षित अनुक्रिया बार-बार करने के लिए प्रेरित करता है।

पृष्ठपोषण - पृष्ठपोषण किसी काम की गुणवत्ता के विषय में दी गई सूचना या टिप्पणी है।

(vii)प्रश्न- दृश्य-श्रव्य शिक्षण सहायक सामग्री से आप क्या समझते है?

उत्तर - श्रव्य-दृश्य शिक्षण सहायक सामग्री वे साधन है जिन्हें हम आँखों से देख सकते है, और कानों से उनसे संबंधित ध्वनि सुन सकते है। वे प्रक्रियायें जिनमें दृश्य तथा श्रव्य इन्द्रियाँ सक्रिय होकर भाग लेती है, श्रव्य-दृश्य साधन कहलाती है। अन्य शब्दो में श्रव्य-दृश्य सामग्री वह सामग्री, उपकरण तथा युक्तियाँ है जिनके प्रयोग करने से विभिन्न शिक्षण परिस्थितियों में छात्रों और समूहों के मध्य प्रभावशाली ढंग से ज्ञान का संचार होता है। ये उपकरण है - प्रोजेक्टर, टी.वी., चलचित्र, वीडियो, कम्प्यूटर आदि।

MCEM मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड मैनेजमेंट, हाजीपुर

Notes on Lesson (B.Ed. Faculty)

per : 0C विद्यालय संगठन एवं नेतृत्व की समझ Year : 1st ☐ 2nd ☑

nit : 1st Sub Unit : नेता के रूप में प्रधानाध्यापक के विभिन्न कार्य

te : 12 मार्च 2018 Time/Period :

bjective of Lesson : प्रशिक्षुओं को बोध कराना की प्रधानाध्यापक विभिन्न क्षेत्रों में कौन-कौन से कार्य करता है।

Points of Discussion	Faculty Activities and Method
प्रधानाध्यापक के कार्य –	व्याख्या (Concept mapping) प्रधानाध्यापक के कार्य **प्रशासनिक कार्य** सम्पादन कार्य: ① छात्रों की भर्ती करना ② छात्रों का प्रवेश एवं वर्गीकरण ③ विद्यालय बजट ④ समय-सारणी निर्माण ⑤ कार्य विभाजन ⑥ पुस्तकों का चयन ⑦ अनुशासन बनाना ⑧ विद्यालय संपदा का सौन्दर्यीकरण ⑨ पाठ्य सहगामी क्रियाओं की व्यवस्था निरीक्षण कार्य: ① अध्यापक कार्य का निरीक्षण ② कार्यालय कार्यों का निरीक्षण ③ छात्रावास निरीक्षण ④ सामान्य निरीक्षण **शैक्षणिक कार्य** ① शिक्षक के रूप में कार्य ② शिक्षक प्रशिक्षण के कार्य। **सम्पर्क कार्य** ① शिक्षकों से सम्पर्क ② छात्रों से सम्पर्क ③ अधिकारियों से सम्पर्क ④ अभिभावकों से सम्पर्क ⑤ समाज से सम्पर्क

Lesson Summary : कक्षा-शिक्षण के दौरान प्रधानाध्यापक के कार्यों की धारणा निर्धारण हेतु सम्प्रत्यय निर्माण का कार्य किया गया तथा उसपर चर्चा की गयी।

Assignment : प्रधानाध्यापक के प्रमुख तथा गौण कार्यों को लिखें।

Reference : यादव, के. के. - विद्यालय प्रशासन, संगठन, पर्यवेक्षण तथा प्रबन्धन अग्रवाल प्रकाशन आगरा।

Question Asked by Students : प्रधानाध्यापक को सभी कार्य कैसे करना है।

Faculty Signature
Ajay Kumar Singh
Asst. Prof., MCEM, Hajipur

यदि हम उदाहरण के रूप में 2005 की 'राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा' को लें, तो इसकी रचना पाठ्यचर्या के दार्शनिक व मनोवैज्ञानिक आधार को पुनः सुधार हेतु की गई थी। राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा ने पाठ्यचर्या का अधिक जीवंत व सार्थक बनाने हेतु इसको बालकेंद्रित करने हेतु व इसे बालक के अनुभव से जोड़ते हुए कुछ ठोस सुझाव दिए थे। इसमें भारत में व्याप्त कुछ चुनौतियों जैसे सामाजिक असमानता, पर्यावरणीय ह्रास से निपटने हेतु पाठ्यचर्या में उचित परिवर्तन किए गए थे। पाठ्यचर्या की रूपरेखा का पाठ्यचर्या व पाठ्यवस्तु में गहन संबंध होता है। जिसे नीचे दिए गए रेखाचित्रीय निरूपण से समझा जा सकता-

Concept Mapping

पाठ्यचर्या की रूपरेखा		
समाज एवं मनुष्य से संबंधित मान्यताएं	शिक्षा के लक्ष्य	
ज्ञानमीमांसा से संबंधित मान्यताएं है	स्तर विशिष्ट उद्देश्य	
	विषयवस्तु के चयन एवं व्यवस्थापन के सिद्धांत	पाठ्यक्रम का विवरण
	अच्छे तरीकों के आधार	प्रस्तावित कक्षायी अभ्यास
	अच्छी सामग्री के आधार	पाठ्यपुस्तकें एवं शिक्षण अधिगम की सामग्री
अधिगम से संबंधित मान्यताएं	मूल्यांकन के सिद्धांत	मूल्यांकन की योजना
बच्चे एवं उनके परिवेश की मान्य समझ		
पाठ्यचर्या की नींव	पाठ्यचर्या केन्द्रित	पाठ्यचर्या का विवरण

पाठ्यचर्या की रूपरेखा, कुछ निश्चित आधारिक संकल्पनाओं पर आधारित होती है। इन्हें आंतरिक रूप से सुदृढ़ व शिक्षा के प्रति उत्तरदायी लोगों की पूर्ण सहमति मिलनी चाहिए। ये आधारित संकल्पनाएं राष्ट्रीय फोकस समूह द्वारा चार भागों में बांट दी गई है।

1. मानव जाति व समाज से संबंधित मान्यताएं, जिनमें उदाहरण के रूप में- शिक्षा के उद्देश्य, न्याय, समानता व स्वतंत्रता पर आधारित लोकतंत्रीय व बहुसांस्कृतिक समाज का निर्माण करना होगा।
2. दूसरे प्रकार की संकल्पनाएं ज्ञानमीमांसा से संबंधित हैं। चूंकि ज्ञान, विश्वास व कार्य को प्रभावित करती है अतः पाठ्यचर्या के निर्माण हेतु ज्ञान में मीमांसात्मक संकल्पनाओं के साथ ही अधिगम संबंधी संकल्पनाओं का भी चयन सावधानीपूर्वक करना चाहिए।

EPIP Campus, Hajipur Industrial Area,
Hajipur, Vaishali - 844 102 (Bihar), Ph. : 06224-271834
e-mail : admin@maitreyaedu.co.in, Web : www.maitreyaedu.co.in